फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Mo. No.- 9473942677
Email Id- jalnigam3@gmail.com

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक कैम्प / मीरजापुर / 01 दिनांक 12.06.2025

विषयः— **जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माण की गई पेयजल परियोजनाओं का मा0 जनप्रतिनिधियों MP/MLA/MLC द्वारा निरीक्षण कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाडी अन्तर्गत निर्माण एजेन्सी मे0 रैमकी बाबा (जे0वी0) द्वारा दांती ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति की जा रही है। उक्त पेयजल योजना सतही स्रोत (अपर खजुरी बांध) आधारित पेयजल परियोजना है। मा0 सुचिश्मिता मौर्या, विधायिका—मझंवा विधान सभा क्षेत्र द्वारा अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में दिनांक 12.06.2025 को दांती ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
2 श्री श्यामबचन, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
3 श्री कौशल कुमार, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।
4 टीम लीडर (पी0एम0सी0), थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रा0लि0।
5 टीम लीडर (टी0पी0आई0), मेधज टेक्नो कोनसेप्ट प्रा0लि0।
6 परियोजना प्रबन्धक, मे0 रैमकी बाबा (जे0वी0)।

परियोजना का संक्षिप्त विवरण

कार्यदायी संस्था	मे0 रैकी बाबा (जे0वी0)
परियोजना का नाम	दांती ग्राम समूह पेयजल योजना
परियोजना आरम्भ तिथि	18.06.2020
विकास खण्ड का नाम	पहाडी
कुल आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या	73
मुख्य जल स्रोत	अपर खजुरी बांध
इन्टेक वेल की संख्या / लोकेशन	01 / दांती
डब्लू0टी0पी0 की संख्या / लोकेशन	01 / दांती
सी0डब्लू0आर0 की संख्या	02 नग
शिरोपरि जलाशय की संख्या	06 नग
कुल आबादी	100373
लक्षित हाउस कनेक्शन की संख्या	13373
योजना की लागत	रू0 207.51 करोड़

मा0 विधायिका श्रीमती सुचिश्मिता मौर्या जी द्वारा दांती ग्राम समूह पेयजल योजना के वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निरीक्षण कर प्लान्ट के विभिन्न अवयवो / संरचनाओं एवं जल शोधन प्रकिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महोदया द्वारा रॉ वाटर एवं ट्रीटेड वाटर का डब्लू0टी0पी0 अन्तर्गत निर्मित पेयजल

प्रयोगशाला में जांच कर रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। महोदया द्वारा जनता को पेयजल का सदुपयोग करने एवं सिंचाई व अन्य कार्यो में पेयजल बर्बादी न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदया द्वारा फ्लो डायाग्राम की जानकारी ली गयी। महोदया द्वारा ग्रीष्म काल में निर्बाध जलापूर्ति किये जाने एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में डी0जी0 का उपयोग कर जलापूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदया द्वारा राजस्व ग्राम दांती के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों से जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उक्त ग्राम के पाल बस्ती में जलापूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदया द्वारा पेयजल प्लान्ट के निरीक्षणोपरान्त प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।



भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

2 अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर।

3 अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता